भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
09.08.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3283 का उत्तर

बेलगावी निर्वाचन क्षेत्र में आरओबी

3283. श्रीमती मंगल सुरेश अंगड़ी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बेलगावी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में अब तक कितने सड़क उपरिपुलों (आरओबी) को मंजूरी दी गई है; और

(ख) बेलगावी शहर में एलसी सं 381 के स्थान पर बनाए जा रहे सड़क ऊपरिपुल के चल रहे दूसरे लेन के कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है और चल रहे निर्माण कार्य की प्रक्रिया रोके जाने के क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क): वर्तमान में, बेलगावी लोकसभा क्षेत्र में पड़ने वाले उपरि सड़क पुलों (आरओबी) के कुल 06 कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जो योजना, निविदा और निष्पादन के विभिन्न चरण में हैं।

(ख): बेलगावी शहर में समपार संख्या 381 के बदले लागत हिस्सेदारी के आधार पर सड़क उपरि पुल (आरओबी) के निर्माण का कार्य स्वीकृत किया गया है। इस 4 लेन वाले सड़क उपरि पुल (आरओबी) के निर्माण की योजना दो चरणों में रेलवे द्वारा एकल इकाई आधार पर निष्पादित किए जाने की है। पहली दो लेनें 12.10.2022 को चालू कर दी गई थीं। एक अन्य 2-लेन उपरि सड़क पुल के बेलगावी की ओर पहुंच के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। बहरहाल, राज्य सरकार की सलाह के अनुसार खानापुर की ओर एक अन्य 2 लेन

s.k

वाले ऊपरी सड़क पुल के निर्माण का कार्य रोक दिया गया है। राज्य सरकार ने पहले से अनुमोदित सामान्य व्यवस्था आरेखण (जीएडी) में संशोधन करने का प्रस्ताव किया है। संशोधित सामान्य व्यवस्था आरेखण (जीएडी) की संभाव्यता रिपोर्ट का कार्य शुरू कर दिया गया है।

****